## **निष्पक्षता और निर्भिकता के साथ आगे बढ़ें युवा पत्रकार**-करूणा

आबू रोड, 15 अप्रेल, निसं। सामाजिक समस्याओं का सकारात्मक हल करने तथा समसस्यामुक्त समाज बनाने में जरूरत है कि आज के युवा पत्रकारों को निर्भिकता तथा निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आज जरूरत है कि न्यू जनरेशन इस मिशन का जिम्मेवारी अपने कंधों पर उठायें तभी देश व समाज का विकास होगा। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारीज संस्था के जनसम्पर्क एवं सूचना निदेशक ब्र0 कु0 करूणा ने व्यक्त किये। वे आबू पिण्डवाड़ा प्रेस क्लब द्वारा माउण्ट आबू के हिल्लॉक होटल में आयोजित अभिनन्दन समारोह में उपस्थित पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

आगे उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क और मीडिया दोनो एक दूसरे के पूरक है। दोनों को मिलकर प्रशासनिक व्यवस्थाओं में सहयोग करने की भावना का विकास करने की पहल करना चाहिए। आज हमारे देश की संस्कृति को पूरी दुनियां में सिखायी तथा प्रचारित किया जा रहा है। परन्तु भारत इस सिद्धांतों में पीछे हो रहा है। इसके लिए हमें वापस सोचने की आवश्यकता है। माउण्ट आबू अपने महान कर्त्तव्यों के लिए पूरी दुनियां में प्रसिद्ध हो गया है। चाहे वह दिलवाड़ा जैन मंदिर है चाहे वह ब्रह्माकुमारीज संस्था का मुख्यालय है। पूरी दुनियां के लोग यहाँ पर आते है। जिससे हमारा दायित्व बढ़ जाता है।

इस अवसर पर उपस्थित अपने माउण्ट आबू कार्यकाल के अंतिम दिन उपखण्ड अधिकारी विष्णु चरण मलिक ने कहा कि पत्रकार और प्रशासन एक दूसरे के बीच की कड़ी है। आज माउण्ट आबू तथा आबू रोड क्षेत्र में विकास में अनेक बाधाएं आती है। ऐसे में पत्रकारों को उसे हल करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करना चाहिए। पत्रकारों को केवल सामाजिक समस्याओं ही नहीं बल्कि समाज की उपलब्धियों को भी लोगों के समक्ष रखना चाहिए जिससे लोगों को प्रेरणा मिल सके। उन्होंने पत्रकारों से आग्रह करते हुए कहा कि यदि कोई भी घटना या समस्या है तो उसके बारे में प्रशासन से पहले पूछना चाहिए। जिससे उन्हें सही जानकारी उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर आबू पिण्डवाड़ा प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविशंकर भारद्वाज तथा संरक्षक के0 के0 मिश्रा ने कहा कि आबू पिण्डवाड़ा मीडिया का आम जनता तथा सरकार के साथ हमेशा सहयोगात्मक रवैय्या रहा है। यहाँ की पत्रकारिता में सकारात्मकता में विश्वास रखती है और निरन्तर इस कार्य को बनाये रखेगी ऐसा विश्वास है।

ज्ञातव्य हो कि यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज संस्था के जनसम्पर्क एवं सूचना निदेशक ब्र0 कु0 करूणा को जनसम्पर्क तथा सूचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए पब्लिक रिलेशन काउन्सिल ऑफ इंडिया के तरफ से लाईफ टाईम एचीवमेन्ट चाणक्य अवार्ड हॉल ऑफ फेम से नवाजा गया था। जिसके उपलक्ष्य में आबू पिण्डवाड़ा तहसील प्रेस क्लब की ओर से अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में फूल और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। इसके पश्चात पगड़ी पहनाकर गया तथा उन्हें मोमेन्टों तथा साल ओढ़ाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर माउण्ट आबू, आबू रोड, स्वरूपगंज तथा पिण्डवाड़ा के स्थानीय पत्रकार तथा माउण्ट आबू के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।